Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Committee to investigate suspicious deaths in police custody of Rajnadgaon districct.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): अध्यक्ष महोदय, मैं कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । यह एक बहुत बड़ा विषय है । मेरे लोक सभा क्षेत्र राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ में जो आरक्षित जाति है, संरक्षित जाति है, उससे संबंधित हरिश्चन्द्र मेरावी, जो आदिवासी है, जंगल में रहता है, चिल्फी में रहता है । आबकारी नियंत्रण कक्ष में उसकी हत्या हो गई, यह जांच का विषय है । इसके साथ ही, अन्य ऐसे छः लोगों की छत्तीसगढ़ में पुलिस लॉक अप में मृत्यु हुई है । पुलिस लॉक अप में थाना चंदोरा, जिला सूरजपुर में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई । इसी तरह पुलिस प्रताड़ना से थाना मारवाही, बिलासपुर में एक मृत्यु हुई है और पुलिस लॉक अप में एक आत्महत्या हुई है । यह हत्या है या आत्महत्या है, इस पर संदेह है । यह घटना थाना पाण्डुका, जिला गरियाबंद में हुई है । इसी प्रकार से उपजेल, मुंगेली क्षेत्र में ठेलका, नवागांव के संतु राम धृतलहरे की हत्या हुई है । इस प्रकार से हत्याओं का दौर विगत दिनों में चला है । इसकी जांच के लिए एक अच्छी कमेटी बने । ऐसी घटनाएं लगातार हुई हैं, इसलिए मुझे देश की इस सबसे बड़ी पंचायत में यह विषय उठाना पड़ा । धन्यवाद ।